बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 613 /गोपनीय/प्रा.प/ब.वि.वि./2021 भोपाल, दिनांकः 11-6-2021

प्राचार्य
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध
समस्त महाविद्यालय

विषयः- कोविड-19 के संक्रमण के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं को ओपन बुक पद्धति से आयोजित करने के निर्देश।

सन्दर्भः- कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्र. 663/142/आउशि/शा-5अ/2021दिनांक 31.05.2021

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के सन्दर्भित पत्र के परिप्रेक्ष्य में सत्र 2020-21 की प्रायोगिक परीक्षा के संबंध में जारी निर्देशानुसार सैद्धांतिक परीक्षा उपरांत शेष प्रायोगिक परीक्षाऐं दिनांक 30.06.2021 तक आयोजित कर छात्रों के प्राप्तांक पोर्टल पर प्रविष्टि कर दिनांक 05.07.2021 तक पर्ण-प्रतिपर्ण आवश्यक रूप से गोपनीय शाखा में जमा कराकर पावती प्राप्त की जावे।

उक्त प्रक्रिया में शासन द्वारा जारी कोविड-19 की गाईड लाइन का पालन अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

सन्दर्भित पत्र में उल्लेखित बिन्दु क्रमांक 04,05 एवं 06 का विवरण :-

बिन्दु क्रमांक-04

स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर समस्त प्रायोगिक विषयों के लिये महाविद्यालय स्तर से सैशनल के प्रश्नो को नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिये प्रेषित करते हुए ओपन बुक पद्धति उत्तरपुस्तिकाऐं प्राप्त कर मूल्यांकन उपरांत प्राप्तांको को गुणानुक्रत करते हुए संबंधित महाविद्यालय को प्राप्तांक प्रेषित किया जाए।

बिन्दु क्रमांक-05

ऐसे परीक्षार्थी जो आंतरिक मूल्यांकन में शामिल नही हुए है उनके आंतरिक मूल्यांकन ओपन बुक पद्धति के माध्यम से प्राप्त किए जाए।

बिन्दु क्रमांक-06

स्नातक अंतिम वर्ष/स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के ऐसे परीक्षार्थी जिन्होने प्रोजेक्ट अथवा असाइनमेन्ट जमा नही किया है उनके प्रोजेक्ट अथवा असाइनमेन्ट ओपन बुक पद्धति से स्वीकार किए जाए।

आदेशानुसार,

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल

पृ.क्रमांकः 614 /गोपनीय/प्रा.प/ब.वि.वि./2021 भोपाल, दिनांकः 11-6-.2021

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. समस्त प्राचार्य, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त महाविद्यालयों की ओर सूचनार्थ।
3. कुलपतिजी के निज सचिव, के माध्यम से कुलपतिजी के सूचनार्थ ।
4. कुलसचिवजी के सचिव, के माध्यम से कुलसचिव के सूचनार्थ ।
5. सहायक कुलसचिव, (परीक्षा/गोपनीय/अकादमी), बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल ।
6. प्रभारी, वेब प्रकोष्ठ, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की ओर इस निर्देश के साथ कि वे कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेब पर अपलोड करने के साथ साथ महाविद्यालयों की ई-मेल आई.डी.पर फारवर्ड करें ।
7. नस्ती प्रति ।

11/6/2021

परीक्षा नियंत्रक
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल